	a	योजना के नाम	पंजीकृत लाभार्थी की संख्या	लाभ प्राप्त लाभार्थियों की संख्या	विगत वर्ष ग्राम पंचायत में प्राप्त कुल भगतान (रू0)	अन्य कोई बकाया (रू0)	की गईगतिविधियाँ/कार्य
		मनरेगा	55	55	10,00000/– वर्ष 2022–23	–	चकरोड, नाला खुदाई खेल मैदान वृक्षारोपण
		प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना/एन.एफ.एस.ए.	367	367	खाद्यान आता है।	–	
		प्रधानमंत्री उज्जवला योजना	120	50	गैस कनेक्शन	–	
		प्रधानमंत्री कृषिसिंचाई योजना	–				
		प्रधानमंत्री कुसुम योजना	–				
	b	**अन्य योजनाएं**					
		ग्राम उज्जवला योजना	–	–			

		ऊर्जा दक्षता योजना	–	–			
		प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम	–	–			
		प्रधानमंत्री आवास योजना	6	1	40,000 / –		आंशिक भुगतान
		सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी0डी0एस0)	367	367	खाद्यान आता है।	–	राशन डीलर द्वारा खाद्यान वितरण
		कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम					
		उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन					
		राष्ट्रीय कौशलविकास योजना (RKVY)					
		मौसम आधारित फसल बीमा					
		प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)					
		मृदा स्वास्थ्य कार्ड					
		किसान क्रेडिट कार्ड	150	150			बैंक द्वारा
		स्वच्छ भारत मिशन	32	11	6000 / प्रति		शौचालय निर्माण (वर्ष 2022–23)
		सौर सिंचाई पम्प योजना	–				
		नई / नवीन भारतीय बायोगैस व कार्बनिक खादकार्यक्रम	–				
		विकेन्द्रित अनाज क्रय केन्द्र योजना	–				
		गोवर्धन योजना	–				
		जल पुनर्भरण योजना	–				
		रेनवाटर हार्वेस्टिंग	4	4			
		समन्वित वाटर शेड विकास कार्यक्रम	–				
		अन्य वाटर शेड विकास योजनाएं	–				
		अन्य (एक जिला–एक उत्पाद, मेक इन इण्डिया, अन्य)	–				

		उद्यमितता सहायतित योजनाएं आदि	–				

16	सक्रिय बैंक खाता धारकों कीसंख्या	600
17	ई–बैंकिंग/डिजीटल भुगतान एप/यू.पी.आई आदि से भुगतान करने वाले खाता धारकों की संख्या	200

18	निकट कृषि बाजार/क्रय केन्द्र/सरकारी केंद्र	क्या ग्राम पंचायत द्वारा बाजार/कय केन्द्र का उपयोग होता है		यदि नही, तो बाजार/केन्द्र का उपयोग क्यों नही कियाजाता	उत्पादित फसल (कु0)	बिक्री हुई फसल (कु0)	ग्राम पंचायत से दूरी (यदि ग्राम पंचायत से दूर है) (कि0मी0)
		हां	नहीं				
	सिकन्दरा मण्डी (सब्जी एवं फल)				सब्जी 4000 (कु0)	2500 (कु0)	6 कि0मी0
	सिकन्दरा मण्डी (सब्जी एवं फल)	□	□		फल 800 (कु0)	600 (कु0)	6 कि0मी0
	ट्रान्स यमुना मण्डी समिति (अनाज मण्डी)	□	□		गेंहू 3500 (कु0)	1500 (कु0)	18 कि0मी0
	ट्रान्स यमुना मण्डी समिति (अनाज मण्डी)	□	□		सरसों 900 (कु0)	600 (कु0)	18 कि0मी0
	ट्रान्स यमुना मण्डी समिति (अनाज मण्डी)	□	□		बाजरा 1800 (कु0)	1500 (कु0)	18 कि0मी0

19		शिक्षा (केवल ग्राम पंचायत में)				
		प्रकार/स्तर	उपलब्ध छत का क्षेत्रफल (वर्ग मी0)	कुल नामांकित विद्यार्थियों की संख्या	विगत वर्ष में कुल ड्राप आऊट विद्यार्थियों की संख्या	ड्राप आऊट के मुख्य कारण (स्वास्थ्य (1), पहुँच/उपलब्धता–(2), आर्थिक समस्या–(3), अन्य–(4) उल्लेख करें)

	a	**प्राथमिक विद्यालय**				
	1	न0 नाथू	2000 वर्ग फुट	223	–	
	2	कैलाश	1200 वर्ग फुट	102	–	
	b	**जू0 हाईस्कूल**				
	1	नगला छीतर	1800 वर्ग फुट	103	–	
	2	कैलाश	1800 वर्ग फुट	40	–	
	c	**हाईस्कूल**				
		Nil				
	d	**अन्य संस्थान**				
		Nil				

20	कौशल विकास/व्यवसायिक प्रशिक्षण/पुनः कौशल संस्थान(केवल ग्राम पंचायत में)	उपलब्ध छत का क्षेत्रफल (वर्ग मी0)	संस्थान के प्रकार (सरकारी 1, निजी 2)	नामांकित व्यक्तियों की संख्या	नामांकित व्यक्तियों की आयु
	N.A.				

21	राज्य/राष्ट्रीय राजमार्ग की उपलब्धता			
	राजमार्ग का नाम	राज्यमार्ग 1, राष्ट्रीय राजमार्ग 2	ग्राम पंचायत से दूरी	सम्पर्क मार्ग की स्थिति अच्छा (1), खराब (2), घटिया (3), सबसे घटिया (4)
	राष्ट्रीय राजमार्ग सं0– 19 (पूर्ववर्ती N.H-2)	2	5 कि0मी0	4

III. भूमिसंसाधनोंसंबंधितसूचनाएं/जानकारी

22		वनभूमि का विवरण	
	a	वन का क्षेत्र	51 हेक्टेयर
	b	वन विभाग द्वारा अधिसूचित क्षेत्र	-
	c	सार्वजनिक उपयोग हेतु उपलब्ध वन क्षेत्र	-
	d	कितने क्षेत्र पर अतिक्रमण है?	-
	e	विगत पांच वर्षो में कोई वन उन्मूलन/वनकटाई की गतिविधियां	-
	f	अनुमानित वन उन्मूलन/वन कटाई का क्षेत्रफल (एकड़)	-

23		अन्य भूमि का वर्गीकरण			
	a	ग्राम पंचायत के पास ग्राम सभा की कितनी भूमि उपलब्ध है?	ग्रामसभा के पास कोई भूमि उपलब्ध नहीं है।		
	b	कितनी भूमि पर अतिक्रमण है? (एकड़)	Nill		
	c	ग्राम पंचायत में खनन गतिविधियां	हां □ √	नहीं □	आच्छादित क्षेत्रफल
		खनन के प्रकार	अवैध वालू एवं मिट्टी खनन		

		बालू खनन 1, खनिज खनन–(उल्लेख करें) 2, अन्य (उल्लेख करें) 3	
		अतिरिक्त सूचनाएं	

24		जल निकाय क्षेत्र		
		विवरण	**हां**	**नहीं**
	a	क्या आप के ग्राम पंचायत में जल निकाय क्षेत्र है?	□ √	□ √
	b	ग्राम पंचायत मेंकुल जल निकाय क्षेत्रों की संख्या	1	
	c	क्या जल निकाय क्षेत्र मे अतिक्रमण है?	□ √	□
	d	जल निकाय क्षेत्र में अतिक्रमण कब से है?	35–40 वर्ष	
	e	क्या जल निकाय क्षेत्र के आस–पास के भूमि पर अतिक्रमण किया गया है?	हॉ	

25		जल आपूर्ति	
	a	**ग्राम पंचायत में घरों हेतु जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत क्या है?** नहर (1) वर्षा जल–(2) भूमिगत जल–(3) तालाब/झील–(4) अन्य– (5)	3 (भूमिगत जल)
	b	**क्या उपरोक्त जल आपूर्ति के स्रोत मौसमी या बारहमासी है?**	बारहमासी
	c	**घरों में जल आपूर्ति कैसे होती है?** पाइप जलापूर्ति (1) ग्राम पंचायत मे सामान्य संग्रह केन्द्र (2) पानी टंकी (3) महिलाओं/बच्चों द्वारा दूर से लाया गया (4) हैण्डपम्प (5) ऊँचासत ही जलाशय (6)	(4) (5) नगला सीताराम में पानी खराब होने से 1.5 कि0मी0 दूर से लाते है। (8) ग्राम पंचायत में लगभग 150 निजी सबमर्सिबल पम्प है।

		कूंआ (7) अन्य (8), उल्लेखित करें। अगर 4 है, तो कितनी दूर से लाया जा रहा है?	
	d	कितने घरों मे जलापूर्ति पाइप से है?	No
	e	क्या पानी का बहाव/प्रवाह दर कम, अधिक या संतोषजनक है?	
	f	पाइप जलापूर्ति की नियमितता 24×7 घण्टे(1) काफी नियमित (2) अनियमित (3)	
	g	**ग्राम पंचायत मे कृषि सिंचाई हेतु जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत क्या है?** नहर (1) वर्षा जल (2) भूमिगत जल – (नलकूप (3A), कूआ (3B) तालाब/झील (4) पानीटैंक (5) नदी (6) अन्य (7)	3A
	h	**क्या उपरोक्त जल आपूर्ति स्रोत मौसमी या बारहमासीहै?**	बाहरमासी
	i	क्या जलापूर्ति का बहाव/प्रवाहदर कम/अधिक या संतोषजनकहै?	संतोषजनक
	j	अतिरिक्त जानकारी (उदाहरण : क्या घरेलू, कृषि व संबंधित गतिविधियों, उद्योगों आदिके लिए जल आपूति पर्याप्त है) क्या विगत वर्षों में भूजल, नदी या नहर से जल की उपलब्धता बढ़ी/घटी या सूख गया? क्या सूखे या गर्मी के मौसम में पानी की टंकियों का उपयोग बढ़ जाताहै?	पर्याप्त है। नदी जल की उपलब्धता घटी है।

IV. जलवायु की धारणा

तापमान व वर्षामेंप्रमुख परिवर्तन/बदलाव					
26					
	A	गर्मी के माह में देखा गया			
	B	गर्मी के तापमानमें देखे गए बदलाव (पिछले पांच वर्षों में)	गर्म दिनों में वृद्धि	गर्म दिनों में कमी	गर्म दिनों में कोई परिवर्तन नहीं
			☐ √	☐	☐
	C	दिनों की संख्या	30		
	D	अन्य सूचनाएं (गर्मी माह में कोई परिवर्तन)			
27					
	A	सर्दी के माह में महसूस किया गया			
	B	सर्दियों के तापमान में कोई परिवर्तन पाया गया (विगत पांचवर्षों में)	ठण्ड दिनों मे वृद्धि	ठण्ड दिनोंमें कमी	ठण्ड दिनों में कोई परिवर्तन नहीं
			☐	☐ √	☐
	C	दिनों की संख्या		30	
	D	अन्य सूचनाएं (सर्दी माह मेंकोई परिवर्तन)			
28					
	A	मानसून माह मे महसूस किया गया			
	B	मानसून ऋतु की वर्षा मे कोई परिवर्तन देखा गया (विगत पांच वर्षों में)	वर्षा के दिनों में वृद्धि	वर्षा के दिनों में कमी	वर्षा के दिनो मे कोई परिवर्तन नहीं
			☐	☐ √	☐
	C	दिनों की संख्या		30	
	D	अन्य सूचनाएं (मानसून माह में कोई परिवर्तन)	वर्षा अन्तराल बढ गया है।		
29					
	A	क्या गैर मानसून ऋतु की वर्षा में परिवर्तन हुआ है? (विगत पांच वर्षों में)	वर्षा के दिनों में वृद्धि	वर्षा के दिनों में कमी	वर्षा के दिनों में कोई परिवर्तन नहीं
			☐	☐ √	☐
	B	ग्रीष्म ऋतु की वर्षामें देख गये परिवर्तन	वर्षा दिनों में वृद्धि	वर्षा दिनों में कमी	वर्षा के दिनों में कोई परिवर्तन नहीं
			☐	☐ √	☐
	C	दिनों की संख्या		15	
	D	शरद ऋतु की वर्षा में देखे गये परिवर्तन	वर्षा के दिनों में वृद्धि	वर्षा के दिनों में कमी	वर्षा के दिनों में कोई परिवर्तन नहीं

			☐	☐ √	☐
	E	दिनों की संख्या		8	
	F	अन्य सूचनाए / जानकारी			

चरममौसम की घटनाएं							
30		**सूखा**					
	a	सूखे की घटना	प्रथम वर्ष (2022)	द्वितीय वर्ष (2021)	तृतीय वर्ष (2020)	चतुर्थ वर्ष(2019)	पंचम वर्ष (2018)
			☐	☐	☐	☐	☐ √
	b	किस माह में सूखा देखा गया	जून–जुलाई				
	c	सूखे का प्रबन्धन कैसे किया गया (सरकारी सहायता, निजी सहायता, कुएं खोदा आदि)	घरेलू स्तर पर प्रबन्धन (ग्रामीणों द्वारा हैण्डपम्प लगवाए गए)			कृषि स्तर पर प्रबन्धन (ग्रामीणों द्वारा नलकूप लगवाए गए)	
	d	सूखे की आवृत्ति : सूखे की घटना (पिछले पांच वर्षों में)	वृद्धि	कमी	कोई परिवर्तन नहीं		
			☐	☐	☐ √		
	e	अतिरिक्त सूचना कोई पुरानी प्रमुख घटना–1, स्वास्थ्य पर प्रभाव–2	विगत पॉच वर्षों में ग्राम पंचायत में सूखे की कोई बडी आपदा नही आई।				
31		**बाढ़**					
		बाढ़ की घटना	प्रथमवर्ष (2022)	द्वितीय वर्ष (2021)	तृतीय वर्ष (2020)	चतुर्थ वर्ष (2019)	पंचम वर्ष (2018)
			☐ √	☐ √	☐ √	☐ √	☐ √
	b	किस माह में बाढ़ देखा गया	अगस्त सितम्बर				
	c	बाढ़ का प्रबन्धन कैसे किया गया (सरकारी सहायता, निजी सहायता आदि)	घरेलू स्तर पर प्रबन्धन			कृषि स्तर पर प्रबन्धन (कृषकों द्वारा स्वयं खेतों में मेडबन्दी)	
	d	बाढ़ की आवृत्ति : बाढ़ की घटना (पिछले पांच वर्षों में)	वृद्धि	कमी	कोई परिवर्तन नहीं		
			☐	☐	☐		
		प्रत्येक वर्ष यमुना नदी का जलस्तर बढने से नदी के नजदीक की खेती डूब जाती है, जिसका असर रिहायशी इलाकों पर नहीं पडता है।					

	e	अतिरिक्त सूचना कोई पुरानी प्रमुख घटना–1, स्वास्थ्य पर प्रभाव–2	वर्ष 2013 के बाद कोई बड़ी बाढ़ आपदा नहीं आयी पिछले 50 वर्षों में 1978 में सबसे बड़ी बाढ़ आयी थी।				
32		**भूस्खलन**					
	a	भूस्खलन की घटना	प्रथमवर्ष (2022)	द्वितीय वर्ष (2021)	तृतीय वर्ष (2020)	चतुर्थवर्ष (2019)	पंचमवर्ष (2018)
			☐	☐	☐	☐	☐
	b	किस माह में भूस्खलन देखी गई					
	c	भूस्खलन का प्रबन्धन कैसे किया गया (सरकारी सहायता, निजी सहायता आदि)	घरेलू स्तर पर प्रबन्धन			कृषि स्तर पर प्रबन्धन	
	d	भूस्खलन की आवृत्ति : भूस्खलन की घटना (पिछले पांचवर्षों में)	वृद्धि	कमी	कोई परिवर्तन नहीं		
			☐	☐	☐		
	e	अतिरिक्त सूचना कोई पुरानी प्रमुख घटना–1, स्वास्थ्य पर प्रभाव–2					
33		**ओलावृष्टि**					
	a	ओलावृष्टि की घटना	प्रथमवर्ष (2022)	द्वितीय वर्ष (2021)	तृतीय वर्ष (2020)	चतुर्थवर्ष (2019)	पंचमवर्ष (2018)
			☐	☐	☐	☐	☐ √
	b	किस माह में ओलावृष्टि हुई	फरवरी –मार्च				
	c	ओलावृष्टि का प्रबन्धन कैसे कियागया (सरकारी सहायता, निजीसहायता आदि)	घरेलू स्तर पर प्रबन्धन			कृषि स्तर पर प्रबन्धन	
	d	ओलावृष्टि की आवृत्ति : ओलावृष्टि की घटना (पिछले पांचवर्षों में)	वृद्धि	कमी	कोई परिवर्तन नहीं		
			☐	☐	☐		
34		**फसलों के कीट/बीमारी**					
	a	कीट/बीमारी की घटनाक्रम	प्रथम वर्ष (2022)	द्वितीय वर्ष (2021)	तृतीय वर्ष (2020)	चतुर्थ वर्ष (2019)	पंचम वर्ष (2018)
			☐ √	☐ √	☐ √	☐ √	☐ √
	b	किस माह में कीट/बीमारी को देखा गया?	फरवरी–मार्च, सितम्बर				
	c	किस प्रकार के टिड्डी कीट/बीमारी को देखा गया?	सफेद एवं काली मकड़ी (मिर्च की फसल) चेंपा (सरसों)				

	D	कीट/बीमारी का प्रबन्धन कैसे किया गया? (सरकारी सहायता, निजी सहायता आदि)	किसानों द्वारा बाजार से दवा लाकर छिडकाव किया गया				
	e	कीट/बीमारी की आवृत्ति : कीट बीमारी का घटनाक्रम (पिछले पांच वर्षों में)	वृद्धि	कमी	कोई परिवर्तन नहीं		
			☐ √	☐	☐		
		अतिरिक्त जानकारी/सूचनाएं					

35	ग्राम पंचायत में आपदा की तैयारी				
		ग्राम पंचायत स्तर पर क्या आपदा प्रबन्धन/तैयारी के उपाय उपलब्ध है?		क्या ग्रामीणों तक इसकी पहुँच/उपलब्धता है?	
	आपदा तैयारी के उपाय	हां	नहीं	हां	नहीं
	ग्राम आपदा प्रबन्धन योजना	☐	☐√	☐	☐
	ग्राम आपदा प्रबन्धन समिति	☐	☐√	☐	☐
	पूर्व चेतावनी प्रणाली/मौसमी चेतावनी प्रणाली/कृषि चेतावनी प्रणाली	☐	☐√	☐	☐
	आपातकाल अनाज बैंक	☐	☐√	☐	☐
	अन्य	☐	☐√	☐	☐

36		अनाज भण्डारण	
	a	ग्राम पंचायत के आपातकालिन खाद्य/अनाज बैंक में किस प्रकार का भोजन भण्डारित किया जाता है?	
		अनाज (विवरण दें)	Nill-
		तेल	-
		चीनी	-
		अन्य खाद्य पदार्थ–उल्लेख करें	-
	b	क्या ग्राम पंचायत में शीतगृह है, अगर है तो उसकी क्षमता क्या है?	-

37	ग्राम पंचायत में मौसम की चेतावनी, पूर्व चेतावनी प्रणाली, कृषि आधारित चेतावनी के लिए उपलब्ध जानकारी के स्रोत	
	स्थानीय कृषि अधिकारी	किसानों के रजिस्टर्ड नम्बरों पर मैसेज द्वारा सूचना
	समाचारपत्र/समाचार/रेडियो	-

	मोबाईलफोन/एप	-
	मौखिक	-
	कृषि विज्ञान केन्द्र/कृषि ज्ञान केन्द्र	-
	पशुपालन विभाग	-
	उद्यान विभाग	-
	अन्य	-

		कृषि एवं संबंधित गतिविधियों पर प्रभाव (विगत पांचवर्षों में)					
38		फसल हानि					
	a	घटना का वर्ष	हानि की ऋतु/मौसम खरीफ (1) रबी (2) जायद/अन्य ऋतु (3)	फसल का नाम	हानि के कारण रोग, चरम, घटनाक्रम–गर्मी, ठण्ड, वर्षा, ओलावृष्टि, मिट्टी आदि	अनुमानित हानि की मात्रा (कुन्तल)	परिणामस्वरुप आय में हानि (औसत रु0)
		प्रथम वर्ष (2022)	खरीफ (1)	सब्जी, मिर्च, बाजरा	वर्षा एवं नदी जलस्तर बढ़ना	1000 कुन्तल	12 लाख
		द्वितीय वर्ष (2021)	खरीफ (1)	सब्जी, मिर्च, बाजरा	वर्षा एवं नदी जलस्तर बढ़ना	800 कुन्तल	10 लाख
		तृतीय वर्ष (2020)	खरीफ (1)	सब्जी, मिर्च, बाजरा	वर्षा एवं नदी जलस्तर बढ़ना	700 कुन्तल	09 लाख
		चतुर्थ वर्ष (2019)	खरीफ (1)	सब्जी, मिर्च, बाजरा	वर्षा एवं नदी जलस्तर बढ़ना	1200 कुन्तल	13 लाख
		पंचवां वर्ष (2018)	खरीफ (1)	सब्जी, मिर्च, बाजरा	वर्षा एवं नदी जलस्तर बढ़ना	600 कुन्तल	07 लाख
	b	क्या आप फसल बीमा के बारे में जानते हैं?	हां	नहीं			
			☐	☐√			
		अतिरिक्त जानकारी (फसल बीमा के लाभार्थी–बड़े किसान, लघु एवं					

		सीमान्त किसान आदि) फसल बीमा लाभार्थी का संतुष्टि स्तर क्या है?					

39		फसल पद्धति में बदलाव				
	a	सामान्य फसल	खरीफ, सरसों	रवी √	जायद / अन्य ऋतु	
	b	फसल का नाम	पारम्परिक बोआई का समय	विगत 5 वर्षों में बोआई के समय में परिवर्तन हुआ है / देखा है	अभी बोआई का समय	परिवर्तन के कारण
		गेहूँ	नवम्बर,	बोवाई के समय में 15 दिन विलम्ब हो रहा है।	दिसम्बर	शीतकाल देर से प्रारम्भ होगा
	c	अन्य सूचना / जानकारी (विलुप्त फसल / प्रजाति आदि उल्लेख करें)	मोटे अनाज			

40		सिंचाईप्रणाली / पद्धतिमेंपरिवर्तन				
	a	फसल का नाम	वर्तमान में सिंचाई पद्धति का उपयोग फव्वारा सिंचाई(1), टपक विधि (2), नहर(3), वर्षा आधारित(4), पारम्परिक (5), अन्य (6) (उल्लेखित करें)	वर्तमान में उपयोग किए गए पानी की मात्रा (रुपया / एकड़)	पूर्व में सिंचाई पद्धति का उपयोग फव्वारा सिंचाई (1), टपक विधि (2), नहर (3), वर्षा आधारित (4), पारम्परिक (5), अन्य (6) (उल्लेखित करें)	पूर्व में उपयोग किए गए पानी की मात्रा (रुपया / एकड़)
		गेंहू की फसल	पारम्परिक(5)	1600 / –	पारम्परिक(5)	600 / – (डीजल मंहगा एवं पानी का अधिक उपयोग)

	b	ग्राम पंचायत में सिंचाई हेतु पम्पों की संख्या 71	डीजल आधारित	विद्युत आधारित	सौर पम्प	पारम्परिक सिंचाई विधियां	
			68	3	-		
	c	अन्य सूचनाएं / जानकारी अगर कोई है					
41		**पशुपालन / पशुधन**					
	a	ग्राम पंचायत में प्रचलित पशुधन और पशुपालन सम्बन्धित गतिविधियां श्रेणी : डेयरी (1) √ मुर्गीपालन (2) मत्स्य पालन (3) सूअरपालन (4) मधुमक्खीपालन (5) √ अन्य–स्पष्टकरें (6)					
	b	डेयरी पर प्रभाव	पशुहानि गाय (1) भैंस (2) अन्य (3)	पशुहानि की संख्या (प्रत्येक पशु को उल्लेख करें)	हानि के कारण (रोग, आयु, दुर्घटना आदि)	हानि का मौसम	उत्पादकता में कोई परिवर्तन देखा गया? वृद्वि (1) कमी (2) परिवर्तन नहीं (3)
		प्रथम वर्ष (2022)	1,2 एवं 3	1 भैंस, 20 गाय 6 बकरी	रोग(लम्पी)	बारिश	(3)
		द्वितीय वर्ष (2021)	2 एवं 3	2 गाय 3 बकरी	रोग एवं ठंड	बारिश एवं शीतलहर	(3)
		तृतीय वर्ष (2020)	1 एवं 3	2 भैंस, 1 बकरी	रोग, आयु	बारिश	(3)
		चतुथ वर्ष (2019)	1, 2 एवं 3	1 भैंस, 03 गाय 05 बकरी	रोग, दुर्घटना	बारिश	(3)
		पंचम वर्ष (2018)	1	2 भैंस	रोग	ग्रीष्म,	(3)
		अन्य जानकारी / सूचनाएं	वर्ष 2022 में गायों की मृत्यु लम्पी वायरस से हुई थी।				

	c	मुर्गी पालन पर प्रभाव	पक्षी हानि मुर्गी (1) बत्तख (2) अन्य (3)	पक्षी हानि की संख्या (प्रत्येक पक्षी का उल्लेख करें)	हानि के कारण	हानि के मौसम / ऋतु	उत्पादकता में कोई परिवर्तन पाया गया है? वृद्धि (1) कमी (2) परिवर्तन नहीं (3)
		प्रथम वर्ष (2022)					
		द्वितीय वर्ष (2021)					
		तृतीय वर्ष (2020)					
		चतुर्थ वर्ष (2019)					
		पंचम वर्ष (2018))					
		अन्य जानकारी / सूचनाएं					
	d	अन्य पशुओं पर प्रभाव	पशु हानि (कृपया निर्दिष्ट करे कि कौन से है)	पशुहानि की संख्या (प्रत्येक पशु का उल्लेख करें)	हानि के कारण	हानि की ऋतु	उत्पादकता में कोई परिवर्तन पाया गया है? वृद्धि (1) कमी (2) परिवर्तननहीं (3)
		प्रथमवष (2022)					
		द्वितीय वर्ष (2021)					
		तृतीय वर्ष (2020)					
		चतुर्थवर्ष (2019)					
		पंचमवर्ष (2018)					
		अन्य जानकारी / सूचनाए					

V. कृषि व पशुपालन

42	a	प्रमुख उगाई जाने वाले फसलें व सम्बन्धित सूचनाएं/जानकारी											
					उर्वरकउपयोग			कीटनाशकउपयोग			खरपतवारनाशी		
		फसल (अनाज, तिलहन, दलहन, उद्यान एव फूल आदि)	ऋतु/ मौसम	उपज (कु0)	उर्वरक के प्रकार	औसत प्रयुक्त मात्रा (किग्रा0/ एकड़)	क्या विगत पांच वर्षों में उपयोग किये गये उर्वरकों की मात्रा में वृद्धि (1) कमी (2) परिवर्तन नही है (3)	कीटनाशकों के प्रकार	औसत प्रयुक्त मात्रा (किग्रा/ एकड़)	क्या विगत पांच वर्षों में उपयोग किये गये कीटनाशकों की मात्रा में वृद्धि (1) कमी (2) परिवर्तन नहीं है (3)	खरपतवार नाशीं के प्रकार	औसत प्रयुक्त मात्रा (किग्रा/एकड़)	क्या विगत पांच वर्षो में उपयोग किये गये खरपतवार की मात्रा में वृद्धि (1) कमी (2) परिवर्तन नही है (3)
		1. गेंहू 2. सरसों 3. बाजरां	शीत वर्षा	17 06 14	डाईयूरिया	45 कि0ग्रा0	1	साफ लान्सर गोल्ड	6 लीटर	1	मीरा 71	1 कि0ग्रा0	1
		मिर्च, सब्जी .	वारहमासी	22	डाईयूरिया, जिंक	60 कि0ग्रा0	1						
	b	क्या ग्राम पंचायत में फसल अवशेष जलाये जाते हैं	हां ☐	नहीं ☐√	जलाये गये खेतो का कुल क्षेत्रफल (एकड़)	क्या यह फसल अवशेष पूर्व में जलाये जाते थे	अगर नही तो, कब से जलाना आरम्भ किया	क्या फसल अवशेष प्रबन्धन की योजनाओं को जानते/जागरूक है?					
								मेड़ पर इक्ट्ठी कर देते है जो गल जाती है।					

43	जैविक खेती सम्बन्धित गतिविधियां				
	फसल	क्षेत्रफल	प्रति फसल आय (रू0 / कुन्तल)	बिक्री हेतु बाजार	तृतीय पक्ष द्वारा प्रमाणित / सत्यापित
	Nill				

44	अन्य स्थाई खेती सम्बन्धी गतिविधियां (जैसे शून्य / जीरो बजट प्राकृतिक खेती)			
	फसल	स्थाई गतिविधियां (शून्य जुताई, मल्चिंग, फसलचक्र, अर्न्तःफसलें, वर्मीकम्पोस्ट, कम्पोस्ट, मिश्रित फसले, प्राकृतिक कीट प्रबन्धन, जैव पदार्थ मे वृद्धि आदि)	क्षेत्रफल (एकड़)	प्रति फसल प्राप्त आय (रूपया)
	Nill			

45	कृषि वानिकी, सामाजिक वानिकी, परती भूमि विकास और अन्य वृक्षारोपण गतिविधियां										
	पौध रोपण गतिविधियों के प्रकार	आच्छादित क्षेत्रफल	स्थान	योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय कृषि वानिकी मिशन (1), समन्वित वाटरशेड प्रबन्धन कार्यक्रम (2), वर्षा आधारित क्षेत्र कार्यक्रम (3), मनरेगा (4), वृक्षारोपण जन आन्दोलन (5), अन्य (6)–उल्लेख करें	मोनोक्लचर (1), मिश्रित प्रजाति (2)	रोपित प्रजातियां	आरम्भ दिनांक	सफलता (प्रतिशत)	कृषि वानिकी गतिविधियों के लाभ तक लोगों की पहुंच/अवसर	पिछले 10 वर्षों में पहुंच/अवसर में परिवर्तन, वृद्धि (1), कमी (2), कोई परिवर्तन नहीं (3)	परिवर्तन के कारण–लाभ में वृद्धि (1), लाभ में कमी (2), प्रजाति सम्बन्धित (3), वन उन्मूलन (4) अन्य (5)–उल्लेख करें
	सामाजिक वानिकी पौधरोपड़	7 एकड	कैलाश मन्दिर, रामलाल आश्रम, मोटा महादेव रोड साइड	मनरेगा (4)	2	नीम, कंजी, अमरूद, जामुन, पाकर	जुलाई, अगस्त	20%	रोजगार	3	

46	अपनाये गये स्थायी पशुधन प्रबन्धन तकनीक			
	पशुधन के प्रकार	ग्राम पंचायत में कुल संख्या (लगभग)	अपनाई गई गतिविधियां (चारा में परिवर्तन, पोषणपूरक अर्थात् पशुआहार, खुल में चराई आदि)	प्राप्त/उत्पादित आय प्रति पशुधन
	गाय (देशी नस्ल)	56	चारा, भूसा पशुआहार	5000 प्रतिमाह
	गाय (संकर नस्ल)	8	चारा, भूसा पशुआहार	8000 प्रतिमाह
	भैंस (देशी नस्ल)	280	चारा, भूसा पशुआहार	18000 प्रतिमाह
	भैंस (संकर नस्ल)	–	–	–
	बकरी	150	घास, भूंसी	1700 प्रतिमाह
	सुअर	–	–	–
	मुर्गी	–	–	–
	मत्स्य	–	–	–
	अन्य	–	–	–

VI. स्वच्छता एवंस्वास्थ्य

47		जल की गुणवत्ता (पेयजल या नल जल से आपूर्ति परिवार)						
	a	आपूर्ति किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता कैसी है?	उपयुक्त	अनुपयुक्त				
			□ √	□				
	b	जल का स्वाद कैसा लगता है?	तीक्ष्ण	नमकीन	सामान्य			
			□	□ √	□ √			
	c	आपूर्ति होने वाले जल में सामान्यतः दूषित पदार्थ क्या है?	नमकीन	गन्दा	मटमैला	बालू/कीचड़	गन्ध	
			□	□	□	□	□	
	d	जल को शुद्व करने के लिए आप किस	उबालकर	जल शोधक	आयोडीन/फिटकरी मिलाकर	सौर शुद्धीकरण	क्ले वेसल	अन्य, (कृपया उल्लेख करें)

		विधि का प्रयोग करते हैं?					फिल्ट्रेशन	
			□	□	□	□	□	□

48		ठोस अपशिष्ट उत्पादन/अपशिष्ट प्रबन्धन						
	a	अपने घर में प्रतिदिन उत्पन्न होन वाला अपशिष्ट पदार्थ/कचरा	**सब्जी एवं फलों के छिलके, बचा हुआ खाना, प्लासिटक , धूल मिटटी**					
	b	आपके ग्राम पंचायत में अपशिष्ट पदार्थ/कचरा कैसे इकट्ठा किया जाता है?	स्वयं द्वारा कूड़ा डालने के लिये उपलब्ध स्थान पर डाल देते है।					
	c	कचरा संग्रह कितनी बार होता है?	□प्रतिदिन	□साप्ताहिक	√ □वैकल्पिक दिन		कैलाश के अतिरिक्त अन्य तीनों मजरों में कचरा संग्रह नहीं होता है।	
			हां	नहीं				
	d	क्या आपके क्षेत्र में कोई स्थानहै, जहा कचरा इकट्ठा डाला जा सकता है? यदि हां तो कृपया आपकी ग्राम पंचायत से कितनी दूरी पर है या किस स्थान पर है?	□	□ √	ग्राम पंचायत से दूरी/ग्राम पंचायत में अवस्थिति		कूड़ा संग्रह के लिए कोई निर्धारित स्थान नहीं है ग्रामीण अपनी सुविधा अनुसार डालते है।	
	e	क्या आपके ग्राम पंचायत क्षेत्र में सामान्य कूड़ेदान रखे गये हैं?	□	□ √				
	f	क्या आप कचरे को सूखे और गीले कचरे की श्रेणी में बांटते हैं?	□	□ √				
	g	आप गृहस्तर पर कचरे का उपचार कैसे करते हैं?	पुनःचक्रमण	कम्पोटिंग	वर्मीकम्पोस्ट	अपशिष्ट	जलाना	अन्य (उल्लेखित करें)
			□	□	□		□	कूड़े में फेंक देते है।

49		खुले में शौच मुक्त स्थिति			
	a	क्या आपका गांव खुले में शौच मुक्त घोषित है?	□हां	√ □नहीं	
	b	स्वयं के शौचालय वाले परिवारों की संख्या	□ √	□	197 परिवार
	c	सामुदायिक शौचालय/इज्जत घर की संख्या	□ √	□ 1+386	प्रमुख स्थान 1 पंचायत भवन
	d	क्या शौचालय का उपयोग किया जा रहा है?	√		

	e	अगर शौचालय का उपयोग नही किया जा रहा है तों क्यों? (साफ–सफाई का अभाव, रख–रखाव का अभाव, बहुत दूर आदि)	

50		अपशिष्ट जल	घरेलू	व्यवसायिक	औद्योगिक	कृषि गतिविधियां	गंदानाला
	a	अपशिष्ट जल का क्या स्रोतहै?	□ √	□	□	□	□
	b	उत्पन्न अपशिष्ट जल की मात्रा (अनुमानित लीटर प्रतिदिन)	20000 लीटर पूरा गांव				
	c	गांव मे किया गया अपशिष्ट जल उपचार, यदि कोई है तो–	--				
	d	अपशिष्ट जल पुनःचक्रण या पुनः उपयोग की गतिविधि, यदि कोई है तो–	...				

51		स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा			
		स्वास्थ्य केन्द्र की उपलब्धता	हां	नहीं	उपलब्ध छत का क्षेत्रफल (वर्गमीटर)
	a	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	□	□ √	
	b	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	□	□ √	
	c	उप स्वास्थ्य केन्द्र	□	□ √	
	d	आंगनवाड़ी	□ √	□	आंगनवाड़ी कार्यकत्री है, किन्तु भवन नहीं है।
	e	आशा	□ √	□	
	f	स्वाथ्य कैम्प/मेला	□	□ √	
	g	डिजीटल स्वास्थ्य देखभाल	□	□ √	

52		रोग/बीमारी							
		विगत वर्ष निम्नवत् बीमारी/रोग से कितने लोग प्रभावित हुए हैं?	प्रभावित कुल व्यक्तियों की संख्या	प्रभावित आयु समूह			सामान्य उपचार का विकल्प			
				प्रभावित बच्चों की संख्या	प्रभावित व्यवस्कों की संख्या	प्रभावित वरिष्ठ नागरिकों की संख्या	स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं (उल्लेख करें)	घरेलू देखभाल	घर–घर जानेवाला	अन्य (उल्लेख करें)
	a	वेक्टर–जनितरोग (मलेरिया, डेंगू, चिकेनगुनिया आदि)	60	45	10	5	-	□	□	व्यक्तिगत इलाज कराया

	b	जल–जनितरोग (हैजा/डायरिया/टाईफाईड/ हैपेटाइटिस आदि)	6	6	-	-	-	□	□	व्यक्तिगत इलाज कराया
	c	श्वास सम्बन्धी रोग जो वायु प्रदूषण से होते हैं (इनडोर एण्ड आउटडोर)	No					□	□	
	d	कुपोषण						□	□	

VII. उर्जा

53			
	a	आपके ग्राम पंचायत में कुल कितने घर विद्युतकृत हैं	538
	b	ग्राम पंचायत में निम्नलिखित अनुमानित विद्युत उपकरणों की संख्या	
		ए0सी0	35
		एयर कुलर	150
		रेफ्रिजेटर/फ्रीज	150

54		विद्युत कटौती की आवृत्ति	
	a	दिन में कुछबार	□ √ (2 से 3 बार)
		दिन में एक बार	□
		विद्युत कटौती नही	□
	b	प्रतिदिन कितने घण्टे गुल रहती है?	4
		यदि प्रतिदिन नही तो सप्ताह में कितने घण्टे बिजली गुल होती है?	

55	वोल्टेज अस्थिरता/ उतार–चढ़ाव की आवृत्ति क्या है?	
	दिन में कुछ बार	□
	दिनमें एक बार	□
	अस्थिरता/उतार–चढ़ाव नहीं	□ √

56	पावर बैकअप का मतलब विद्युत कटौती के दौरान उपयोग	संख्या

	डीजल चलित जेनरेटर	2
	सौर उर्जा	1 विद्यालय पर (नगला नाथू)
	इमरजेंसी लाईट	350
	इन्टवटर्स	150
	अन्य साधन (उल्लेख करें)	

57		नवीकरणीय/अक्षय ऊर्जा के स्रोत		
	a	क्या गांव में निम्नलिखितमें से कोई स्थापना है?	इंस्टालेशन (स्थापना) की संख्या	कुल स्थापित क्षमता (किलोवाट)
		घर की छतों पर सौर उर्जा स्थापना	NO	
		विद्यालय की छत पर सौर उर्जा स्थापना	1	1 किलोवाट
		चिकित्सालय की छत पर सौर उर्जा स्थापना	NO	
		ग्राम पंचायत भवन पर सौर उर्जा स्थापना	NO	
		अन्य सौर उर्जा स्थापना	NO	
		सौर स्ट्रीट लाईट	NO	
		बायोगैस	NO	
		विकेन्द्रित नवीनीकरण उर्जा/मिनी ग्रीड	NO	
	b	क्या आप सौर उर्जा स्थापना के लिए उपलब्ध अनुदान के बारे मे जानते हैं (कुछ योजनाओं/कार्यक्रमों का उल्लेख करें)	NO	

58	भोजन बनाने हेतु प्रयुक्त ईधन	परिवारों की संख्या	प्रति परिवार प्रयुक्त औसत मात्रा (किग्रा/महीना)
	पारम्परिक जलौनी (उपले/जलौनी लकड़ी)	428	250 किलोग्राम
	बायोगैस	–	–
	एलपीजीगैस	210	1 सिलेण्डर
	विद्युत	–	–
	सौर उर्जा	–	–

	अन्य (कोयला, मिट्टी का तेल, चारकोल आदि)	–	–

59		वाहन की संख्या			
		वाहन के प्रकार	**ग्राम पंचायत में वाहन संख्या (अनुमानित)**	**प्रयुक्त ईधन के प्रकार**	**तय की गई औसत दूरी (किमी प्रतिदिन)**
	a	जीप	3	डीजल	20 किलोमीटर
	b	कार	10	पैट्रोल+ डीजल	20 किलोमीटर
	c	दोपहियावाहन	150	पैट्रोल	15 किलोमीटर
	d	विद्युतचालितवाहन	–		–
	e	आटो	20 (सवारी+माल वाहन)	पैट्रोल	100 किलोमीटर
	f	ई–रिक्शा	6	विद्युत	70 किलोमीटर
	g	अन्य			

60		कृषि यंत्र	ग्राम पंचायत में कृषि यंत्रों/मशीनों की सख्या	प्रयुक्त ईधन के प्रकार	तय की गई औसत दूरी(किमी प्रतिदिन)
	a	टैक्ट्रर	14	डीजल	20 किलोमीटर
	b	कम्बाईन हारवेस्टर	NO		
	c	अन्य (कृपया उल्लेख करें)			

61		ग्राम पंचायत में अवस्थित पेट्रोल पम्प (अगर कोई है) N.A.									
		ईधन के प्रकार	प्रतिदिन की बिक्री	पम्प से आपूर्ति वाले गांव की संख्या	कितने प्रकार के वाहनएक दिन/महीना में पेट्रोल पम्प से ईधन लेतेहैं? (समय/ अवधि का उल्लेख करें)							
					टैक्ट्रर	कृषि यंत्र	जीप	कार	दोपहिया वाहन	आटो	ई–रिक्शा	अन्य
	a		नहीं है।									
	b											

62		औद्योगिक इकाई			
		उद्योग के प्रकार	**संख्या**	उर्जा के स्रोतः ग्रिड विद्युत (1), डीजल जेनरेटर (2), नवीनीकरण/अक्षय उर्जा (3)	उर्जा की खपत प्रतिमाह विद्युत का उपयोग (किलोवाट) ईधन उपयोग (लीटर प्रतिदिन)
		Nill			

Annexure III: HRVCA Report

क्लाइमेट स्मार्ट ग्राम पंचायत विकास योजना
ग्राम पंचायत–स्वामी मुस्तकिल

विकास खण्ड–बिचपुरी

जनपद–आगरा (उ0प्र0)

प्रस्तुतिकरण–राष्ट्रीय मूक बधिर विद्यालय समिति, फिरोजाबाद

टीम सदस्य–संजीव कुलश्रेष्ठ, आकांक्षा कुलश्रेष्ठ, आस्था कुलश्रेष्ठ

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल – परिचय

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल उत्तर प्रदेश के आगरा जनपद के बिचपुरी ब्लॉक में स्थित है। ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल में 04 मजरे (टोले) कैलाश, नगला नाथू, नगला छीतर एवं नगला सीताराम हैं। ग्राम कैलाश में ऐतिहासिक कैलाश मन्दिर में भगवान परशुराम एवं उनके पिता ऋषि जम्दाग्नी द्वारा कैलाश पर्वत से लायी गयी शिवलिंग स्थापित है, जिसमें एक ही जलधारा में दो शिवलिंग हैं जनश्रुति के अनुसार मन्दिर की स्थापना त्रेता युग में की गयी है। प्रसिद्ध मन्दिर होने के कारण ग्राम कैलाश में अधिकांश परिवार गिरी(गोस्वामी) समुदाय से हैं जिनका मुख्य जीवन यापन का साधन मन्दिर की पूजा–पाठ, देख–भाल, प्रसाद की दुकान एवं कृषि, प्राईवेट तथा सरकारी नौकरियां हैं। ग्राम कैलाश में एक राजकीय प्राथमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं एक उच्च प्राथमिक विद्यालय है। कैलाश में यमुना नदी भी प्रवाहित हो रही है। दूसरा मजरा नगला नाथू है जोकि कैलाश से पूर्व की ओर दो किलो मीटर की दूरी पर बसा है। इसकी बसाहट यमुना के नजदीक है, यहां अधिकांश परिवार निषाद (मल्लाह/केवट) समुदाय से हैं, जिनकी आजीविका मुख्य रूप से कृषि आधारित है एवं ये पशुपालन भी करते हैं इनका कृषि क्षेत्र यमुना से सटा है, तथा कुछ ग्रामीण नदी किनारे सब्जी का उत्पादन यमुना के तट पर (बालू) पर करते हैं, जिस कारण प्रत्येक वर्ष (वर्षा काल) में नदी का जल स्तर बढ़ने से फसल डूबने का खतरा रहता है। नगला नाथू में ही ग्राम पंचायत कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय, सरकारी सस्ते गल्ले (राशन की दुकान) एवं आंगनवाड़ी, आशा आदि की सुविधायें उपलब्ध हैं। स्वामी मुस्तकिल का तीसरा गांव नगला छीतर है जोकि नगला नाथू से सटा हुआ है जिसमें अनुसूचित वर्ग (धोबी) एवं अन्य समुदाय जैसे यादव, ठाकुर ,दर्जी, बढ़ई समुदाय से हैं इनका मुख्य व्यवसाय कृषि, मजदूरी, दुकानें आदि हैं साथ ही लोगों के अनुसार पूर्व में यहॉ एक पोखर/तालाब भी था जिस पर लोगों ने कब्जा कर लिया एवं कुछ पक्के निर्माण भी कर लिए हैं। यहां की भी अधिकाशं खेती यमुना किनारे होने से प्रत्येक वर्षाकाल में प्रभावित होती है। यहां एक जूनियर हाईस्कूल एवं एक आशा कार्यकत्री है। यह मजरा ग्राम पंचायत के चारों मजरो में सबसे निचले स्थान पर होने से प्राकृतिक आपदा होने पर सबसे नाजुक स्थान है, यहां से गढ़ी बाईंपुर मार्ग पर डेढ़ किलोमीटर दूरी पर ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल का चौथा मजरा नगला सीताराम है जोकि निषाद बाहुल्य ग्राम है। यह मजरा अन्य तीनों मजरों से ऊंचे स्थान पर स्थित है, जिसके कारण यह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नहीं है। बाढ़ आने पर इस स्थान का प्रयोग किया जा सकता है। परन्तु नगला सीताराम में खारा पानी होने से ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या वर्षभर रहती है। यहां के लोग पेयजल के लिए डेढ़ किलोमीटर की दूरी से पानी लाते हैं। इनका भी मुख्य व्यवसाय कृषि, पशुपालन एवं मजदूरी आदि है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल में कैलाश से नगला नाथू वाले मार्ग में एक वृद्ध आश्रम एवं गौशाला है उक्त वृद्ध आश्रम में 350 वृद्ध निवास कर रहे हैं। साथ ही गौशाला में 500 गौवंश (गाय एवं नंदी) रह रहे हैं।

2

ट्रान्जेक्ट भ्रमण

टीम के सदस्यों द्वारा पंचायत भवन पर स्थानीय सामुदायिक सदस्यों के साथ स्थानीय मुद्दों पर चर्चा के उपरान्त समुदाय के सदस्यों के साथ गांव का भ्रमण आपदा, जोखिम, नाजुकता एवं क्षमता आंकलन की पहचान को मद्दे नजर रखते हुए किया गया। जिसमें पंचायत भवन से वॉक शुरू होकर ग्राम नगला नाथू, नगला छीतर, नगला सीताराम एवं कैलाश से होते हुये पुनः पंचायत भवन पर समाप्त की गई। जिसके अवलोकन पर यह पाया गया कि गांव में अधिकांश गलियॉ पक्की हैं, जबकि कुछ गली कच्ची हैं, पंचायत भवन के नजदीक तक गलियों एवं नालियों का निर्माण हुआ है पंचायत भवन से यमुना की ओर नीचा स्थान है जिस पर अधिकांश खेती है उक्त खेती के लिए जाने हेतु पंचायत भवन के सामने से चकरोड है जिस पर जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने से उक्त चकरोड पर गांव की नालियों का पानी एकत्रित होकर फैलता है। जिससे दलदल जैसी स्थिति हो जाती है। उपरोक्त चकरोड से ही कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर आदि निकलते है और वहीं से ही स्थानीय नागरिक भी कृषि कार्य हेतु आते–जाते है। दलदल होने से उसमें गिरकर चोट लगने आदि की घटनायें हो जाती है एवं खेतों पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है अधिक जल जमा होने से मच्छर आदि भी पनपते हैं, जिससे मच्छर जनित बीमारियां (मलेरिया, चिकिन गुनियां, डेंगू, हैजा, टाइफाइड आदि) होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। जल जमाव से पैदा होने वाले मच्छरों एवं कीट पतंगों से फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है।

गांव में 09 कुंऐ हैं जो सूखे हैं या लोगों द्वारा लकडी से ढक दिये गए हैं और कुछ कूडा डालने हेतु प्रयोग में लाए जा रहे हैं। गॉव नगला नाथू में 01 पानी की बडी टंकी है जो सुचारू नहीं है, पानी की सुविधा के लिए चारों मजरों में कुल 27 सरकारी हैण्डपम्प एवं 23 व्यक्तिगत हैण्डपम्प हैं। कृषि कार्य हेतु 71 ट्यूबवेल (68 डीजल, 03 बिजली) हैं। जल निकासी हेतु नगला नाथू एवं कैलाश में 02 नाले हैं। ग्राम पंचायत के नगला छीतर एवं नगला नाथू में 8 फलों के बाग हैं जिनमें मुख्य रूप से कीनू के वृक्ष हैं साथ ही कुछ वृक्ष जामुन ,कटहल, आम, शहतूत, अमरूद, नींबू , बेर, केला एवं बेल के हैं। जिसमें बाबूलाल के बाग में 200 वृक्ष, सुनहरी सिंह के बाग में 200 वृक्ष रूस्तम सिंह के बाग में 100 वृक्ष, प्रताप के बाग में 100 वृक्ष, महावीर के बाग में 50 वृक्ष, सत्यप्रकाश के बाग में 200 वृक्ष , लाखन के बाग में 100 वृक्ष एवं चन्द्रभान के बाग में लगभग 100 वृक्ष हैं।

चारों मजरों में नगला सीताराम तुलनात्मक रूप से ऊंचे स्थान पर है एवं यमुना से दूरी होने से बाढ़ आपदा के समय में उपयोगी स्थान है। नगला सीताराम में पानी खारा (नमकीन) होने से ग्रामीणों के सामने पेयजल की भारी किल्लत है एवं उन्हें लगभग 1.5 कि0मी0 दूर से पेयजल लाना पड़ता है। साथ ही गॉव में नालियों की सफाई न होने से सडकों पर जलजमाव है, जिससे खेत की तरफ जाने वाले रास्ते पर निकलना मुश्किल है।

ग्राम पंचायत में कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था न होने से ग्रामीण अपनी सुविधा से कूड़े को इधर–उधर फेंक रहे है। कुछ लोग खेतों की मेड़ पर कूड़ा डालते हैं तथा कुछ लोग निष्प्रयोज्य कुओं में भी कूड़ा डालते हैं। कैलाश में मन्दिर परिसर के पास कुछ डस्टबिनों का उपयोग हो रहे हैं, जहां से कूड़ा उठान भी होता है। गांव में कहीं भी स्ट्रीट लाइट या सोलर लाइट की व्यवस्था नहीं है। ग्राम पंचायत में आगंनवाडी भवन नहीं है। गॉव में एक सामुदायिक शौचालय, 386 इज्जतघर (सरकारी मदद से बने शौचालय) एवं 197 व्यक्तिगत शौचालय हैं ।

कैलाश मन्दिर से नगला नाथू को जोड़ने वाला मार्ग वन क्षेत्र से होकर गुजरता है उक्त मार्ग कच्चा, धूलभरा एवं ऊवड़–खावड है जिससे वर्षाकाल में मजरों का आपस में सम्पर्क मुश्किल हो जाता है, मरीज, गर्भवती महिलाओं आदि को स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। नगला नाथू प्राथमिक विघालय से बाईंपुर गढी संपर्क मार्ग (मुर्गी फार्म तक) जो एनगलाएच0 19 को जोडता है। वह टूटा–फूटा है जिससे आवागमन प्रभावित होता है।

गांव में कोई भी तालाब/पोखर नहीं है जिससे ग्रीष्मकाल में पशुओं को पीने के पानी आदि परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही सूखे की स्थिति में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

(गतिविधि एवं सारणी अवलोकन हेतु संलग्नंक संख्या–01, 02 देखें)

सामाजिक मानचित्रण

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल दिल्ली कलकत्ता राष्ट्रीय राज्य मार्ग सं019 (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय राजमार्ग सं 02) पर आगरा से 8 किलोमीटर पहले उत्तर दिशा में स्थित है जोकि राजमार्ग से लगभग 5 किमी. उत्तर की ओर स्थित है। जिसका सामाजिक विवरण गांव भ्रमण एवं सामाजिक मानचित्रण तैयार करने के उपरान्त किया गया है, जो निम्नवत है–

विवरण	संख्या	गुणात्मक विवरण
ग्राम पंचायत का कुल क्षेत्रफल	184.374 हे0	चार मजरे (आबादी क्षेत्र), बाग बगीचा, खेती एवं खुले मैदान मिलाकर
वन क्षेत्र	51 हे0	ग्राम पंचायत वन क्षेत्र

कुल मजरे (टोले)सं0	4	कैलाश, नगला नाथू, नगला छीतर नगला सीताराम
कुल घरों की संख्या	638	सभी मजरों को मिलाकर
कुल पक्के घर	608	सभी मजरों को मिलाकर
कुल कच्चे घर	30	सभी मजरों को मिलाकर
आर्थिक रूप से कमजोर परिवार	13	अन्त्योदय कार्ड धारक
विकलांगजन	18	सभी मजरों को मिलाकर
महिला मुखिया परिवार	12	सभी मजरों को मिलाकर
हैण्डपम्प इण्डियामार्का (सरकारी)	27	सभी मजरों को मिलाकर
सबमर्सिबल पम्प	159	सभी मजरों को मिलाकर
हैण्डपम्प निजी	23	सभी मजरों को मिलाकर

जातिगत/श्रेणीगत विवरण

सामान्य जाति के घरों की संख्या	24
पिछडी जाति के घरों की संख्या	560
अनूसूचित जाति के घरों की संख्या	54
कुल घरों की संख्या	638

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल में चार बसाहट हैं। कैलाश, नगला छीतर, नगला नाथू एवं नगला सीताराम यहॉ सभी जाति वर्ग मिश्रित रूप से निवास कर रहे हैं जैसे निषाद, जाटव, बघेल, गोस्वामी, नाई, ब्राहमण, धोबी, यादव, दर्जी, वाल्मीकि आदि जातियॉ हैं कुल 13 परिवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी में आते हैं, गॉव में 18 विकलांगजन है, 12 महिला मुखिया परिवार हैं जिनमें आय का स्त्रोत मुख्य रूप से महिलाएं है। अर्थात पूरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी महिलाओं की है। यहॉ के परिवार मुख्य रूप से खेती (कृषि), दुकानें, पशुपालन, मजदूरी, अध्यापन एवं सरकारी नौकरी आदि पर निर्भर हैं। गॉव में पक्के मकानों की सं0 608 है जबकि कच्चे मकानों की संख्या 30 है।

आजीविका के साधन–

आजीविका के साधन	परिवारों की संख्या
सरकारी नौकरी (अध्यापन, बैंक)	30
उघम / कुटरी उघोग	06
कृषि आधारित	496
पशुपालन	36
स्थानीय दुकान	30
गैर कृषि मजदूर	40
योग	638



(सामाजिक मानचित्रण गतिविधि हेतु संलग्नक संख्या–03, 04 देखें)

6

खतरा, जोखिम, नाजुकता एवं क्षमता आंकलन

जलवायु परिर्वतनशीलता– प्रवृत्ति/परिवर्तन, मुख्य चुनौतियां/झटके एवं तनाव :–

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल में पिछले 30 वर्षों में सभी मौसमों (गर्मी, सर्दी एवं बरसात) में परिवर्तन महसूस किया जा रहा है, जहां पूर्व में गर्मी अप्रैल से सितम्बर तक रहती थी वहीं अब मार्च से अक्टूबर तक गर्मी रहती है। गर्मी के दिन अधिक होने के साथ ही तापमान में भी वृद्धि हुई है। विगत वर्षों में सर्दी के मौसम में भी कमी महसूस की गयी है, जहां पूर्व में सर्दी अक्टूबर से प्रारम्भ होकर मार्च तक रहती थी वहीं अब मात्र नवम्बर से फरवरी तक ही रहती है, जहां सर्दी के मौसम में कमी हुई है, वहीं कड़कड़ाती सर्दी के दिनों में भी कमी हुई है। बरसात के दिनों में भी कमी हुई है। जहां पूर्व में मई के अन्तिम सप्ताह से रूक–रूक कर बारिश होने लगती थी एवं बारिश सितम्बर तक होती थी वहीं अब मात्र जुलाई एवं अगस्त में बारिश होती है, जहां बारिश की आवृत्ति में कमी हुई है वहीं बारिश की मात्रा भी कम हो गयी है, जहां पूर्व में लगातार दो–तीन दिनों तक बारिश होती थी वहीं अब मात्र कुछ ही घण्टों की बारिश होती है। गर्मी अधिक एवं देर तक पड़ने से फसल चक्र में भी बदलाव देखा जा सकता है गेहूं की फसल अब देर से बोई जाती है एवं सिंचाई अधिक लगाना पड़ता है अर्थात सिंचाई की संख्या में वृद्धि हुई है। जिससे फसल का लागत बढ़ जाता है। गैर मानसून ऋतु में होने वाली बारिश में भी परिवर्तन हुआ है। अचानक मौसम में बदलाव हो जाता है एवं कभी भी बारिश, ओलावृष्टि हो जाती है जिससे फसलें नष्ट हो जाती है परिणामतः किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है।

ग्रामीण सहभागी आंकलन की विभिन्न विधियों का प्रयोग करते हुए जलवायुगत आपदा, खतरा, जोखिम, नाजुकता एवं क्षमता आंकलन हेतु अपेक्षित सूचनाओं का संकलन किया गया जो निम्नवत् है–

गांव को प्रभावित करने वाली आपदाओं की पहचान एवं इनका प्राथमिकीकरण –

सामुदायिक सदस्यों के साथ स्थानीय आपदाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी जिससे उनकी आजीविका स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं साफ–सफाई प्रभावित होते हैं चर्चा के उपरान्त आपदाओं की सूची बनाई गयी सूची में अंकित आपदाओं एवं उनसे उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए उनका प्राथमिकीकरण किया गया। स्वामी मुस्तकिल ग्राम पंचायत की मुख्य आपदा जल भराव, बाढ़, सूखा आदि हैं जिससे आजीविका, खेती, स्वास्थ्य, पेयजल एवं साफ–सफाई आदि प्रभावित होती है।

आपदा का इतिहास एवं क्षति–

सामुदाय के साथ आपदाओं के बारे में विस्तृत चर्चा होने पर यह निकलकर आया कि गांव में अब तक की सबसे बड़ी आपदा 1978 में आयी भीषण बाढ़ की घटना थी। जिससे पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था एवं गांव की पूरी खेती डूब गयी थी पूरे गांव में बाढ़ का पानी भर गया था सभी लोग ऊंचे स्थानों पर रहने को मजबूर थे। शासन–प्रशासन द्वारा हेलीकाप्टरों एवं स्टीमरों की मदद से लोगों तक भोजन पेकेट, राहत सामग्री आदि भिजवायी जा रही थी, उसके बाद 2010 में भी बाढ़ आयी थी, उसके उपरान्त जून 2013 में भी अत्यधिक वर्षा एवं उत्तराखण्ड में हुई भीषण जल प्रलय के कारण यमुना का जल स्तर बढ़ने से ग्राम स्वामी मुस्तकिल में जन जीवन एवं खेती पर असर पड़ा। साथ ही साथ प्रत्येक वर्ष भी यमुना किनारे की कृषि भूमि उससे प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त जलजमाव, सूखा ओलावृष्टि, लू , शीतलहर एवं आंधी तूफान आदि प्रमुख आपदाएं हैं।

(विस्तृत रिपोर्ट हेतु संलग्नक 05, 06, 07 देखें)

आपदा की पहचान एवं प्राथमिकीकरण के उपरान्त समुदाय द्वारा तैयार कराया गया आपदा मौसमी चित्रण

आपदा का मौसमी चित्रण

आपदा	जनगलT	फर0	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अग0	सित0	अक्टू0	नव0	दिस0
जलजमाव												
बाढ												
सूखा												
लू												
ओलावृष्टि												
शीतलहर												
आंधी/तूफान												

(मौसमी चित्रण की गतिविधि हेतु संलग्नक संख्या– 08 देखें)

जलजमाव भी गॉव की प्रमुख समस्या है वर्ष भर जल जमाव रहता है लेकिन वर्षाकाल में यह स्थिति और अधिक बढ़ जाती है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से गॉव की

नालियों का पानी गलियों एवं चकरोड पर बहता है जिससे चकरोड पक्का न होने से उस पर दलदल जैसी स्थिति रहती है जिससे ही ट्रैक्टर एवं कृषकों का आवागमन रहता है मार्ग पर जलजमाव रहने से किसानों को खेतों तक पहुॅचने मे कठिनाइयों का सामना करना पडता है साथ ही फिसल कर गिरने से चोट आदि लगने का खतरा भी रहता है । चकरोड से होकर यह पानी खेतों में फैल जाता है जिससे कृषि उपज प्रभावित होती है । उक्त गन्दे पानी से मच्छर,मक्खी, कीट–पतंगे पैदा होते हैं जो मानवीय बीमारियों को बढावा देनें के साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान पहुॅचाते हैं साथ ही जलजमाव से नजदीक के जलश्रोतों (हैण्डपम्प) का पानी भी दूषित होता है जिसको पीकर बीमारियों का खतरा बढ जाता है।

2 .जलवायु परिवर्तन जनित आपदा के जोखिम/खतरों का आकलन

उपरोक्त आपदाओं से संभावित जोखिम/नुंकसान, समुदाय एवं संसाधनों पर पडने वाले प्रभाव की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई ।

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल पर आपदाओं से पर्यावरणीय, बुनियादी एवं आधारभूत संरचना के साथ ही मानव जीवन, आजीविका एवं स्वास्थय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है ।

बाढ, जलजमाव, सूखा ,ओलावृष्टि, लू, शीतलहर एवं आंधी–तूफान आदि आपदाओं का स्वामी मुस्तकिल ग्राम पंचायत के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों पर इनके प्रभाव से जोखिम/खतरा की संभावना बन जाती है ।

समुदाय के लोगों के अनुसार आपदाओं से उन्हें प्रतिवर्ष तरह–तरह के नुकसान सहने पडते हैं जो इस प्रकार हैं –

खतरा एवं जोखिम विश्लेषण से प्राप्त सूचनाएं –

क्रम	आपदा/खतरे	संभावित जोखिम का क्षेत्र ,	संभावित जोखिम प्रभावित क्षेत्र			
			जोखिम	आबादी	प्रभावित घर/व्यक्ति	संसाधन
1	जलजमाव	स्वास्थय	जलजनित बीमारियॉ जैसे हैजा, टाइफाइड, डेंगू	नगलानाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	55 घर	स्वास्थय केन्द्र
		शिक्षा	बच्चों में अनुपस्थिति (Absentism)	नगला नाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	30 घर	विद्याालय,सडक, नाली
		पेयजल	गन्दा पानी जलश्रोत में जाने से पेयजल दूषित एवं बीमारी का जोखिम	नगला नाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	265 घर	हैण्डपम्प का पानी दूषित
		कृषि	हानिकारक कीटों के प्रकोप से	कृषक वर्ग	125 घर	खेतों में जलजमाव

			फसल का नुकसान			
		आजीविका	कृषि मजदूरों को मजदूरी न मिलना	कृषक वर्ग	45 घर	खेत
		जलनिकाय	नाली में गन्दा पानी भरे रहना	नगला नाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	पूरा गॉव	नालियों में जलभराव
		स्वच्छता	अपशिष्ट बहकर आबादी में फैलना	नगला नाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	पूरा गॉव	सडक, नालिंया
		पशुपालन	पशुओं में बीमारी जैसे खुरपका, मुंहपका चोट लगना आदि	पशु गाय भैंस बकरी आदि	275 जानवर	
		सामाजिक सुरक्षा	महिलाओं, बच्चों एवं विकलागों पर फिसलकर गिरने का जोखिम	नगला नाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	पूरा गॉव	सडक, नालियां
2	बाढ़	कृषि	खरीफ की फसल का नुकसान	यमुना किनारे के पूरे खेत	250 परिवार	150 एकड़ खेत में बाढ का पानी
		उद्यान/सब्जी	सब्जी की फसल का खराब होना	आबादी यमुना किनारे की फसल	80 परिवार	यमुना किनारे का बालू वाला क्षेत्र डूब जाना लगभग 60 एकड़ सब्जी की फसल
		पशुपालन	जलभराव के कारण पशुओं में बीमारियॉ	गॉव के चारो मजरे के पशु	पूरा गॉव	पशुचारा एवं पशु, गौशाला
		आजीविका	खेती डूबने से कृषक मजदूरों में आजीविका संकट	कृषक मजदूर परिवार	25 परिवार	संसाधन खेतों में पानी न होने से काम न मिलना
		पेयजल	पेयजल दूषित होना	नगला नाथू, नगला सीताराम, नगला छीतर	पूरा गॉव	हैण्डपम्प का पानी टयूबेल आदि
3	सूखा	कृषि	सूखे से फसल प्रभावित, सिचाई से फसल लागत बढ़ने का जोखिम	पूरा गॉव	638 परिवार	90 हैक्टेयर खेती
		पेयजल	जलस्तर नीचे होने से पेयजल संकट	पूरा गॉव	638 परिवार	प्राइवेट एवं सरकारी हैण्डपम्प का जलस्तर नीचा हो जाना
		पशुपालन	गर्मी से बीमारियां, चारे	300 पशु	300 पशु	चारागाह गौशाला

			का संकट, दुग्ध उत्पादन में कमी			
4	लू	स्वास्थय	मानव एवं पशु को लू लगना हैजा,डायरिया एवं टाइफाइड का जोखिम	पूरा गॉव	638 परिवार	
		शिक्षा	बच्चों का स्वास्थय प्रभावित होने से अनुपस्थिति	450 बच्चे		शिक्षा बाधित
5	ओलावृष्टि	मानव एवं पशु पर जोखिम	ग्रामीणी एवं जानवरो पर घायल होने का खतरा	पूरा गॉव	638 परिवार	कच्चे घरों का क्षतिग्रस्त होना , फसलों का नष्ट होना

आजीविका के साधनों पर आपदा का प्रभाव–

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल में ग्रामीणों के आजीविका का मुख्य साधन कृषि, कृषिगत मजदूरी, दुकाने, दिहाडी एवं मजदूरी पशुपालन आदि हैं, आजीविका के साधन जब आपदा से प्रभावित होते हैं जिससे ग्रामीणों की आजीविका प्रभावित होती है। जिसकी सम्बन्धित सूचनांए विस्तृत रूप से संकलित कर संलग्न की गई है।

(संलग्नक संख्या 09 देखें)

3.नाजुकता विश्लेषण

जलवायु परिवर्तन से बढ़ रहे आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा, लू, शीतलहर आदि से प्रभावित गॉव और उसमें निवास कर रहे व्यक्तियों का जनजीवन एवं जीवनयापन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिससे नाजुकवर्ग जैसे कि वृद्ध महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग पुरूष आदि भिन्न भिन्न रूप से प्रभावित होते हैं, इसलिए गॉव का नाजुकता विश्लेषण अति आवश्यक है

1– जलजमाव

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल में जलजमाव मुख्य समस्या है पंचायत के दो मजरे नगला नाथू एवं नगला सीताराम में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने का कारण यहॉ जलजमाव वर्ष भर रहता है नगला नाथू में पंचायत भवन से यमुना की ओर सटे खेतों की ओर जा रही 500 मी0 की कच्ची सड़क एवं पक्का रोड के साथ नाली न होने के कारण पानी चकरोड पर जमा हो जाता है। जिससे आवागमन बाधित होता है । लोगों के अनुसार चकरोड की चौडाई 16 फीट की है परन्तु मौके पर केवल 8 फीट ही शेष है क्यूकि दोनों

ओर से ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे वर्षाकाल में आवागमन की चुनौती और बढ़ जाती है ।

● नगला सीताराम में भी खेतों की तरफ जा रही गलियों में भी अत्यधिक जलजमाव देखने को मिला एवं जलनिकासी हेतु कोई प्रबन्ध नहीं है, साथ ही गॉव में सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति से स्थिति और भयावह है।

● पूर्व में नगला छीतर में ग्रामीणों के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय के पीछे एक पोखर था, जिसमें नगला नाथू एवं नगला छीतर का वर्षा एवं नालियों का पानी संचित होता था वर्तमान में उक्त पोखर को पाटकर ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर लिया है एवं उस पर कुछ पक्के घरों का निर्माण भी कर लिया है, जिससे गॉव में जलजमाव की स्थिति बनी रहती है।

जलजमाव से प्रभावित समुदाय

- मानसून के दिनों में किसान जो खेतों की ओर जाने के लिए चकरोड का प्रयोग करते हैं उन पर गिरकर या (फिसल कर) गिरने और चोटिल होने का खतरा रहता है।
- जलजमाव से बढ़ रही गन्दगी से पनप रहे कीट, मच्छर, बैक्टीरिया आदि से बच्चों में डेंगू, मलेरिया, चिकिनपॉक्स, टाइफाइड आदि बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों का मार्ग भी जलजमाव से अवरूद्ध होता है ।
- जलजमाव से पशुओं का भी फिसलकर गिरने और दूषित जल के पीने से बीमार होने का खतरा भी बना रहता है।
- गॉव का गन्दा (नाली का पानी) आगे चलकर खेतों में जमा हो जाता है जिससे फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है और फसल कीट–पतंगे, रोग आदि से प्रभावित होती है और फसल की गुणवत्ता नष्ट हो जाती है ।
- जलजमाव के कारण गॉव के समस्त निवासियों के दैनिक जीवनचर्या व कार्य में बाधा उत्पन्न होती है

2– बाढ़

ग्राम पंचायत स्वामी मुस्तकिल यमुना के किनारे बसा हुआ है ग्रामीणों के अनुसार यहॉ वर्ष 2023 तक ग्रामीणों को 3 बार बाढ़ का प्रकोप झेलना पडा है। पहली बार सन 1978 मे बाढ़ की विभीषिका ने पूरे ग्राम पंचायत में बसें लोगों एवं पशुओं का जीवन अस्तव्यस्त कर दिया था, जिसमें जनहानि का सामना भी करना पडा था, बचाव के लिएं प्रशासन द्वारा नगला सीताराम

के उंचे इलाकों में शिविर स्थापित किया गया था और स्टीमर एवं हैलीकाप्टर द्वारा भोजन, दवाईयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गईं थी ।
2010 में भी ग्रामीणों के अनुसार कैलाश नगला नाथू एवं नगला छीतर का जो सबसे निचला क्षेत्र है में निरन्तर वर्षा एवं यमुना का जलस्तर बढ जाने से बाढ का सामना करना पड़ा था जिससे फसलें नष्ट हो गईं थी। इसके बाद 2013 में अत्यधिक वर्षा एवं उत्तराखण्ड में आयी भीषण जल प्रलय त्रासदी के कारण यमुना का जल स्तर बढ़ने से जनजीवन एवं खेती पर इसका प्रभाव पड़ा था प्रत्येक वर्ष वर्षाकाल में यमुना का जलस्तर बढने से यहॉ के आबादी क्षेत्र में बाढ़ आने का खतरा हमेशा बना रहता है ।

प्रभावित समुदाय

- ग्राम छीतर एवं ग्राम नाथू के खेतों से सटे रिहायशी इलाकों में बसी आबादी का डूबने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है।
- प्रत्येक वर्ष यमुना किनारे बाजरा एवं सब्जी की फसलें नष्ट हो जाती हैं जिसका किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है।
- बाढ़ से पशुचारा भी नष्ट हो जाता है जिससे कि पशुओं के लिए भोजन का संकट उत्पन्न होता है ।

3– सूखा–

ग्रामीणों के अनुसार विगत वर्षो में ग्रीष्मकाल की समयावधि बढ़ गई है जिस कारण वर्षा देरी से हो रही है और कई बार वर्षा न होने से या कम वर्षा होने से खरीफ की फसलें (जिसमें ज्यादा पानी की ज्यादा आवश्यकता होती हैं) पर सूखे का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है यद्यपि गॉव में 9 कुएं भी है परन्तु वे निष्प्रयोज्य हैं या सूखे हैं तथा गन्दगी, कूडा, पालीथिन, मिट्टी निस्तारण हेतु प्रयोग में लाए जा रहे हैं जिससे गॉव में पेयजल की समस्या होती है ।

प्रभावित समुदाय

- सूखे के प्रभाव से किसान प्रभावित होता हैं क्योंकि फसलों में जल आपूर्ति न होने से फसल सूख जाती है ।
- फसल में अधिक सिंचाई की अधिक आवश्यकता से फसल का लागत मूल्य बढ़ जाता है, ग्रामीणों के अनुसार ट्यूबवेल स्वामी 100 रूपये प्रति घण्टा से पानी उपलब्ध कराते हैं।

- सूखा से जलस्तर घटने से पेयजल की दिक्कत रहती है जिस कारण महिलाओं को दूर से पानी भरकर लाना पड़ता है जिससे उनका दैनिक कार्य प्रभावित होता है ।
- सूखे से पशुओं हेतु हरे चारे की कमी हो जाती है जिससे पशुओं के स्वास्थय पर असर पड़ता है और दुग्ध उत्पादन में भी कमी आ जाती है ।

4. लू –

लू भी स्थानीय समुदाय को प्रभावित करने वाली एक मुख्य चुनौती है, प्रत्येक वर्ष मई से जून माह में हॉट वेव्स भी ग्रामीणों के लिए एक बडी चुनौती होती है क्यूकिं इससे धरती पर वाष्पीकरण बढ़ जाता है और मृदा शुष्क हो जाती है जिससे फसल में अत्यधिक और बार–बार पानी लगाने की आवश्यकयता होती है जिस कारण फसल की लागत बढ़ जाती है और गर्म हवाओं से मानव एवं पशुओं पर भी लू लगने और स्वास्थय सबंधी बिमारियॉ जैसे हैजा, बुखार आदि की समस्या आदि आती है

5.ओला वृष्टि–

विगत वर्षो में अचानक और बेमौसम ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो जाती हैं या फसलों की उत्पादन में और गुणवत्ता में भी कमी आ जाती है जिससे कि किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त ओलावृष्टि व आकाशीय बिजली गिरने से मैदान में बंधे पशुओं को भी चोटिल होने व जीवन का खतरा होता है ।

समुदाय की व्यवहारगत एवं ढॉचागत कमिंयॉ–

1. गॉव में आंगनबाडी भवन नहीं हैं साथ ही गॉव में 3 आंगनबाडी कार्यकत्रियों के पद सृजित हैं एवं तीनों ही रिक्त हैं जिससे गर्भवती, धात्री महिलाओं एव 0 से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल प्रभावित हो रही है ।
2. लोगों में योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी एवं जागरूकता का अभाव है जैसे– फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थय कार्ड, पशु बीमा, आदि। जिससे समुदाय की नाजुकता अत्यधिक बढ जाती है ।
3. गॉव में 14 स्वयं सहायता समूह हैं जिनमें सिर्फ 2 ही सक्रिय हैं अतिरिक्त सभी निष्क्रिय हैं जो किसी भी आयजनक कार्यक्रम से नहीं जुडे हैं।

4. गॉव में समुदाय आधारित संस्थाओं/संगठनों की कमी है जैसे किसान संगठन, अनाज बैंक, युवा मण्डल दल, महिला मंडल आदि । जिस कारण आपदा के समय समुदाय को सरकारी एवं अन्य सहायता पर निर्भर रहना पडता है।
5. ग्राम पंचायत में प्रशासनिक समिति, निर्माण कार्य समिति ,स्वास्थय एवं कल्याण समिति पेयजल स्वच्छता एवं जल प्रंबधन समिति, नियोजन एवं विकास समिति एवं शिक्षा समिति होने या न होने एवं उनके कार्यो की जानकारी समुदाय में नही पाई गई। अर्थात समुदाय पंचायत में गठित समितियों के प्रति जागरूक नहीं है।
